मकान की पट्टियां टूटकर गिरने से मां-बेटे की मौत, बालिका घायल

बड़े भाई के घर पर निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें पट्टिया डालने का कार्य हो रहा था

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र की स्टेडियम नगर कॉलोनी में एक मकान की पट्टियां टूटकर गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई। हादसे में 12 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। वहीं सेवर थाना पुलिस ने मृत मां एवं बेटे के शव का जिला आरबीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेडियम नगर निवासी दो भाइयों सुरेश व राधेश्याम का कुछ दिनों पूर्व ही घर का बंटवारा हुआ था, जिसमें एक बड़े भाई राधेश्याम के घर पर निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें पट्टिया डालने का कार्य हो रहा था। आशंका जताई जा रही है कि पट्टियों की धमक से सुरेश के घर की पट्टिया ढह गई, जिसमें रीना, हितेश व वर्षा मलबे में दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने सुरेश को घटना की सूचना दी। सुरेश ने पड़ोसियों के सहयोग से घायल पत्नी और बेटा-बेटी को जिला आरबीएम अस्पताल में पहुंचाया, जहां रीना और हितेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि वर्षा को जिला आरबीएम अस्पताल के आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र की स्टेडियम नगर कॉलोनी में मां-बेटे की मौत के बाद पुलिस ने अस्पताल में आवश्यक कार्रवाई की।

- आशंका जताई जा रही है कि पट्टियों की धमक से छोटे भाई के घर की पट्टिया ढह गई
- हादसा जलभराव के कारण कमजोर हुई दीवार पर पट्टियों की धमक से होना माना जा रहा है

घटना के वक्त सुरेश की दो बेटियां स्कूल पढ़ने गई हुई थी। हितेश और वर्षा स्कूल नहीं गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि मानसून में भारी बरसात के चलते जलभराव की समस्या से उनके मकान की दीवार बैठ गई। यही वजह रही कि भाई राधेश्याम के मकान निर्माण के दौरान हुई धमक से दीवार हिल गई और पट्टियां टूट गई। सूचना पर पहुंची सेवर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शवों को परिजनों को सौंप दिया। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं बताई जा रही है पीड़ित सुरेश खुद सब्जी की ठेली लगता है। डॉ. गर्ग ने सीएम को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की

हादसे केकी जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से पीड़ित गरीब परिवार को अधिक से अधिक की आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की। डॉ. गर्ग ने घटना की जानकारी मिलने के बाद आरबीएम अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से घटना में घायल हुई बालिका वर्षा के इलाज के बारे में जानकारी ली और उचित इलाज के प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्त से भी बातचीत कर घटना के बारे में पूरी जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पैंथर की तलाश में सेना सहित 60 कर्मचारी-अधिकारी जुटे

रेस्क्यू टीम में वन विभाग की सिरोही, राजसमंद, जोधपुर, उदयपुर और गोगुन्दा की टीमें शामिल है

उदयपुर, (निसं)। गोगुन्दा में आदमखोर पैंथर की तलाश में जुटी टीमों को अभी तक सफलता नहीं मिली है। 60 कर्मचारी-अधिकारी आदमखोर पैंथर की तलाश में जुटे हैं। रेस्क्यू टीम में वन विभाग की सिरोही, राजसमंद, जोधपुर, उदयपुर और गोगुन्दा की टीमें शामिल है। इसके अलावा सेना और उदयपुर वाइल्ड लाइफ की टीम भी तलाशी में जुटी है। राजसमन्द से एक और जोधपुर से 2 शूटर को पैंथर बेहोश करने के लिए फील्ड में तैनात कर रखा है।

नरभक्षी पैंथर को पकड़ने के लिए छाली ग्राम पंचायत भवन को कंट्रोल रूम तब्दील कर दिया है। डीएफओ अजय चित्तौडा, गोगुंदा एसडीएम नरेश सोनी, सायरा तहसीलदार कैलाश इडानिया बैठक कर पूरी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जंगल में पैंथर की लोकेशन मिलने पर कंट्रोल रूम में संदेश आता है और तुरंत रेस्क्यू टीम को उस लोकेशन पर भेजा जाता है। हालांकि अभी तक पैंथर कहीं नजर आ रहा। स्थानीय ग्रामीण भी वन विभाग की रेस्क्यू टीम का सहयोग कर रहे हैं। पैंथर ने रविवार को इस बार दो पशुओं का शिकार किया। छाली पंचायत के गांव उंडीथल में एक गाय और एक बैल को मार डाला। गांव के महुरा मादरा भीलवाड़ा बस्ती में भंवरलाल की गाय का शिकार किया। वहीं पलेवा घटी में अमराराम के बैल को खेत में मारा डाला। पैंथर के लगातार शिकार से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

- दो ड्रोन कैमरे की मदद से पैंथर की लोकेशन ट्रेक करने की कोशिश जारी

आदमखोर पैंथर को जंगल में ढूंढने के लिए वन विभाग कई तरह के संसाधनों का सहारा ले रहा है। इसके लिए 2 ड्रोन कैमरे से जंगल में पैंथर की लोकेशन ट्रेक करने की कोशिश हो रही है। रात में नाइट विजन दूरबीन से पैंथर को दूर तक जंगल में तलाशा जा रहा है। वहीं, जिन तीन गांव में पैंथर ने एक नाबालिग सहित तीन जनों को मारा था, उन तीनों घटना स्थल के आसपास 5 पिंजरे लगाए हैं। एक टीम इन पिंजरों में कुछ दूरी पर रहकर निगरानी कर रही है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कोटा (राज.)
सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र दादाबाड़ी परिसर, सरकारी आवास, ए-1, कोटा (राज.)
फोन:-0744-2461550, Email:-eemhkota@ymail.com, ee-mh-kota@gov.in
क्रमांक:-607 दिनांक:-18/09/2024

निविदा सूचना संख्या 08/2024-25

राजस्थान के राज्पाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य विभिग चिकित्सालयों पर रू.280.00 लाख के 5 सिविल/विद्युत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सावर्जनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकाके अधिकृत संगठनो / केन्द्रीय लोक निर्माण विभग/ डाक एवं दूर संचार विभग/रेल्वे इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको, जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट पर www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देख जा सकता है।

Sr.No.	UBN NO.	Sr.No.	UBN NO.
1	(NRH2425WSOB00962)	2	(NRH2425WSOB00963)
3	(NRH2425WSOB00964)	4	(NRH2425WSOB00965)
5	(NRH2425WSOB00966)		

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड-कोटा
DIPR/C/8918/2024

दो बच्चियां नहर में बही, एक की मौत

कोटा, (निसं)। जिले के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में दो बच्चियों के नहर में बहने का मामला सामने आया है। इसमें राहगीरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया तो वहीं, दूसरी बच्ची गहरे पानी में डूब गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की रेस्क्यू टीम ने स्कूबा डाईविंग कर डूबी बच्ची के शव को नहर से बाहर निकाला।

नगर निगम के गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि पार्षद राकेश पुटरा ने घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि बाईं मुख्य नहर में महाराष्ट्र निवासी दो बच्चियों बह गई हैं। दोनों बच्चियों की शिनाख्त 15 वर्षीय सक्कू और 8 वर्षीय किरण के रूप में हुई। इनमें से किरण को तो लोगों ने समय रहते बचा लिया लेकिन सक्कू डूब गई। इस पर गोताखोर चंगेज खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां स्कूबा डाइविंग के जरिए बच्ची के शव को 800 मीटर आगे नहर से बाहर निकाला। बाद शव को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की ओर से बताया कि दोनों बच्चियां नहाने गई थी। इसी दौरान एक बच्ची पानी में डूबने लगी। उसे डूबता देख दूसरी बच्ची बचाने के लिए पानी में उतरी और वो भी डूब गई। एक बच्ची को लोगों ने समय रहते बचा लिया लेकिन सक्कू डूब गई। सूचना पर गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची और स्कूबा डाइविंग के जरिए बच्ची के शव को नहर से बाहर निकाला

एनीकट के नजदीक मिला शव :- दूसरी तरफ चट्टानेश्वर एनीकट के नजदीक रेलवे लाईन के पास एक व्यक्ति के चट्टान पर पड़े होने की सूचना मिली। उसके बाद गोताखोर की टीम नाव के जरिए मौके पर पहुंची और वहां से 20 वर्षीय बिहार निवासी राजू उर्फ राजा को रेस्क्यू किया गया। युवक चट्टान पर जख्मी पड़ा था। इस मामले पर रानपुर थाना अधिकारी भंवर सिंह ने कहा कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उससे पूरी जानकारी ली जाएगी और इस मामले में जांच की जाएगी कि उसे ट्रेन से किसने और क्यों फेंका या फिर वो खुद गिर गया था।

महिला डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर 6 लाख की ठगी

जोधपुर, (कासं)। शहर में एक बार फिर महिला डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाते हुए साइबर ठग ने छह लाख रूपए ऐंठ लिए। उन्हें वाट्सअप कॉल किया गया। इस बार डेंटल डॉक्टर को शिकार बनाया गया है। अभी दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल को भी डिजिटली अरेस्ट कर 87 लाख की ठगी की जा चुकी है। जिसकी भी वृहद स्तरीय जांच चल रही है। इस बार मूलत: राजधानी जयपुर के सिरसी रोड हाल व्यास डेंटल कॉलेज की डॉक्टर न्रमता माथुर साइबर लूटेरों की शिकार हुई है। उनकी तरफ से कुड़ी भगतासनी थाने में रिपोर्ट दी गई है।

- दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल को भी डिजिटली अरेस्ट कर 87 लाख की ठगी की जा चुकी है

रिपोर्ट के अनुसार 20 सितंबर को शाम 4.15 बजे उनके वाट्सएप नंबर पर वीडियोकॉल आया। जिसमें आदमी दिखाई दे रहा था जिसके पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी, उसने अपना नाम विजय खन्ना बताया एवं बोला कि आपके नाम का एक खाता कैनरा बैंक मुंम्बई में खोला गया। आपके खाते में अनाधिकृत रूप से पैसा आया है। फिर उन्होंने बोला आप, अस्पताल से सीधा घर पर चले जाओ किसी को इस बारे में बताना नहीं है। फिर उसने वाट्सएप पर नरेश गोयल मनी लॉड्रिंग केस के दस्तावेज की दो कॉपी भेजी, जिसमे लिखा था कुल 247 एटीएम कार्ड बरामद हुए है जो अलग-अलग कार्ड होल्डर के नाम के है एवं सीबीआई इसकी जांच कर रही है। यह जांच आकाश कुलकर्णी द्वारा निर्मित की गई है। उसके बाद उसने सर्विलांस रूल्स एंड रेगुलेशन का पीडिएफ भेजा ऑर वाट्सएप वीडियोकॉल ऑन रखने का बोला व किसी से बात नहीं करने का बोला। यदि किसी से बात करना है तो वाट्सएप कॉल ऑन करके बात करनी है। उसके बाद उसने बोला कि आप पूरी रात वीडियो कॉल ऑन करके हमारे सामने रेस्ट करोगे एवं बोला कि आपको 24 घंटे के लिए डिजिटल अरेस्ट पर रखा जा रहा है।

आरोपी द्वारा पूरी रात वीडियो कॉल ऑन रखा गया। 21 सितंबर की सुबह 8.55 मिनट पर वाट्सएप नंबर पर वीडियो कॉल आया जिसने अपना नाम ऑफिसर विजय खन्ना बताया। फिर वह कॉल चलता रहा। फिर उसने वाट्सएप पर डिजिटल कस्टडी का पीडिएफ भेजा। उसने बोला कि आप राहुल गुप्ता वेच नंबर एफ ए 263521 के नाम सिंकिग प्रायरटी इनवेस्टिकेशन के लिए एपलिकेशन लिखो। तब उनके कहे अनुसार एपलीकेशन लिखी तब उन्होंने एपलीकेशन अप्रवुल का पीडिएफ भेजा। उसने सुप्रीम कोर्ट को सिक्रेट सुपरविजन एकाउंट के साथ एकाउंट जोड़ने का बोला तब उनके कहे अनुसार एप्पलीकेशन लिखी। इस पर शातिर ने बाद में कहा कि तुरंत कैनरा बैंक में जाकर खाता नंबर बैंक आईसीआईसी बैंक आईएफएससी कोड पर 6 लाख रूप्ये भेजो। तब 06 लाख रूपए आरटीजीएस से किए थे। खाता धारक का नाम न्यु समा रोडवेज आया था। डाक्टर ने उसके खाते में 6 लाख रूपए भेज दिए।

परिवादी डॉक्टर नम्रता माथुर के अनुसार आरोपी ने बोला कि आपके और भी किसी बैंक में खाता है। तब बोला मेरा एक खाता एसबीआई में है तब शातिर ने उस अकाउंट से 06 लाख रूपए दूसरे खाता संख्या पर भेजने को कहा। इस पर परिवादी को शक हो गया कि उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया गया है और साइबर ठगी की जा रही है। इसके बाद उन्होंने रुपए नहीं भेजे और पुलिस की शरण ली। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बाड़ी
पता:- बाईपास किला बाड़ी-328021 फोन नं. 05647-274684 ई मेल-ee pwdbari@rediffmail.com
क्रमांक: 773 दिनांक: 18.09.2024

निविदा सूचना संख्या:03/2024-2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय कीओर से बाडी जिला धौलपुर में कुल 2 नं. पर सडक कार्य के लिए उपयुक्त श्रेण में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको ,राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए"ए"बी"सी" एवं डी" श्रेणी संवेदको एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों /केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजसथान सरकार व "एए"ए"बी"सी" एवं डी" श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवासईट "www.eproc.dipronline.org" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देख जा सकता है।
(NIBNO-PWD2425A1664)
(UBN-PWD2425WSOB06033, PWD2425WSOB06034)

(सौरभ शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा नि वि खण्ड बाडी
DIPR/C/8927/2024

कार्यालय नगर परिषद्, बाड़मेर
क्रमांक :- एफ/15/विकास/2024/9171 दिनांक :- 29.08.2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 09/2024-25

नगर परिषद् बाड़मेर की ओर से केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, संस्थानों में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के नवीन नियमों के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त समकक्ष श्रेणी की फर्मो/ठेकेदारों से 02 निर्माण कार्य के लिये मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निर्माण कार्यो निविदा फार्म दिनांक 20.09.2024 से दिनांक 26.09.2024 तक ऑन लाईन प्राप्त की जाकर दिनांक 27.09.2024 को उपापन समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी। उपरोक्त निविदा सूचना के संबंध में समस्त जानकारी/विवरण/शर्ते राज्य सरकार की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।
NIB CODE : DLB2425A2699
आयुक्त
नगर परिषद, बाडमेर
राज.संवाद/सी/24/5532

कार्यालय नगरपरिषद, करौली राज0
फोन न.07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website - WWW.npkarauli.in
क्रमांक : 1956 दिनांक : 20.09.2024

संशोधित ई-निविदा सूचना

नगरपरिषद करौली की ई-निविदा सूचना संख्या 1438 दिनांक 17.08.2024 के द्वारा 05 कार्यो की आमंत्रित ई-निविदा सूचना की तिथिओं में तकनीकी कारणवष निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।
शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

क्र.सं.	तिथिओं का विवरण	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
01	ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	22.09.2024	25.09.2024
02	भौतिक दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि	23.09.2024	26.09.2024
03	निविदा खोले जाने की तिथि	24.09.2024	27.09.2024

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली
राज.संवाद/सी/24/5539

सूने मकान से जेवर व नकदी चोरी

निवाई, (निसं)। रविवार की देर रात शिवाजी कॉलोनी में स्थित गली नम्बर 15 में स्थित एक मकान से अज्ञात चोर 40 ग्राम सोने के आभूषण, 4 किलो चांदी के आभूषण, 4 लाख 20 हजार के डायमंड के आभूषण व 4 लाख 26 हजार की नकदी सहित लाखों रूपए के आभूषण व नकदी चुराकर ले गए। मकान मालिक परिवार सहित जयपुर गया हुआ था।

पीड़ित गिर्राज कंवरिया ने बताया कि वह परिवार सहित रविवार की देर शाम करीब 7 बजे ससुराल में आयोजित जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। सोमवार की सुबह वापस अपने घर आया तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर में चोरी होने की आशंका के चलते उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। घर में जाने के बाद देखा तो कमरों की अलमारियों का सामान चारों ओर बिखरा हुआ था। जिसकी सूचना निवाई थाने में दी। सूचना पर थाना अधिकारी हरिराम वर्मा मय जाप्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचे व घटना की जानकारी ली।

मकान में चोरी की वारदात के बाद सामान बिखरा पड़ा है।

- मकान मालिक परिवार सहित जयपुर गया हुआ था
- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चोर 40 ग्राम सोने के आभूषण, 4 किलो चांदी के आभूषण, 4 लाख 20 हजार के डायमंड के आभूषण व 4 लाख 26 हजार की नकदी चुराकर ले गए। पीडित ने चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगालकर तलाश में जुट गई है।

हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

कोटा, (निसं)। नेशनल हाईवे-52 पर केबल नगर से कोटा के बीच एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें 18 महीने का एक बच्चा भी शामिल है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। तीनों के शवों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने घटना के संबंध में मृतकों के परिजनों को जानकारी दी है।

रानपुर थानाधिकारी भंवर सिंह ने बताया कि दुर्घटना शाम 5.30 बजे के आसपास हुई है। इसमें मृतक सुकेत से कोटा के सकतपुरा आ रहे एक परिवार के लोग हैं। इन्हें पीछे से एक भारी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। थानाधिकारी ने बताया कि हादसे में महिला लक्ष्मीबाई, उनके बेटे ईश्वर सेन और 18 माह के पोते की मौत हुई है। ईश्वर सेन मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करते हैं। घटना के बाद नेशनल हाईवे 52 पर भारी जाम लग गया। मौके पर तमाशबीनो की भीड़ लग गई। घटना की सूचना पर पहुंची रानपुर और जगपुरा थाना पुलिस ने खासी मशक्कत कर जाम को खुलवाया है।

- अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/117 - 119 Date : 18/09/2024

ई-निविदा सूचना संख्या : 32/2024-25

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	:	रूपये 907.48 लाख (16 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि	:	21.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 01.10.2024 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	:	21.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 01.10.2024 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	:	04.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2425WSOB00262 To ITU2425WSOB00277
अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/24/5519

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड-।। बीकानेर
क्रमांक-927-32 दिनांक-19.09.2024

अल्पकालीन ई-बोली सूचना संख्या-08/2024-2025

Bid for Immediate Restoration on Various Roads Under PWD Sub Dn Lunkaransar SDRF/ Lunkaransar/2024-25. are invited from interested bidders from 20-09-2024 to 07-10-2024 6.00 PM. and to be opened 08-10-2024 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc.rajasthan.gov.in, http:// sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD Department website. The approximate value of the procurement is Rs 326.82 Lac
UBN is: PWD2425WSOB06042, UBN is: PWD2425WSOB06044
UBN is: PWD2425WSOB06046, UBN is: PWD2425WSOB06043
UBN is: PWD2425WSOB06045, UBN is: PWD2425WSOB06047
(महेन्द्रपाल सिंह चालिया)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि जिला खंड ।। बीकानेर
DIPR/C/8936/2024

MUNICIPAL CORPORATION KOTA SOUTH (RAJ.)
Add :- C.A.D. Circle, Dusshehra Ground, kota
ई-मेल :- nnkota@gmail.com
No. : NNK-S/Electrical/2024/ 478-484 Date : 20-09-2024

Notice Inviting Bid

Bid for ARC of Supply, Erection and Fixing poles with AB Cable and LED lights at Various wards in Municipal Corporation kota south with 2 years O &M are invited from interested bidders upto 23.09.2024 to 03.10.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.nic.in of the state and urban.rajasthan.gov.in/nnks. department website.
NIB CODE – DLB2425A2747
UBN – DLB2425WSRCO8524
Commissioner
Municipal Corporation, Kota-South
Raj.Samwad/C/24/5553

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org
क्रमांक :- एच.ए./सी.एन./24.25/1831 दिनांक :- 19.09.2024

बोली आमंत्रण सूचना

इच्छुक एवं पात्र बिडर्स को सूचित किया जाता है कि 2 वर्ष हेतु जोन तृतीय में रोड नाली सफाई एवं परिवहन कार्य की ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 5017 करोड रूपये है। निविदा की प्रारंभ तिथि 23.09.24 नगर निगम कार्यालय में प्रीबिड मीटिंग की तिथि 01.10.24 दोपहर 03.00 बजे अंतिम तिथि 14.10.24 खुलने की तिथि 15.10.24 है। बिड में संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा निगम की वेबसाईट www.udaipurmc.org पर उपलब्ध है। UBN No. UNP2425WLRC00092
आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर
राज.संवाद/सी/24/5549

जोधपुर पुलिस ने नेपाल की होटल पर दबिश देकर 50 हजार के इनामी को पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर रेंज पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक किंगपिन को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह वर्ष 2018 से पैरोल पर जेल से बाहर आया और फरार हो गया था। उस पर वर्ष 2010 में हत्या का केस दर्ज था। वह छह साल से राजस्थान के बाहर रह कर अपना मादक पदार्थ तस्करी का नेटवर्क चला रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के साथ ही बड़े नेटवर्क को नेस्तनाबूद कर दिया है। तकनीकि के जानकार इस तस्कर को पकड़ने के लिए पुलिस को सात-आठ हजार किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ी, आखिरकार नेपाल की एक होटल से पकड़ा गया।

- आरोपी 2018 में पैरोल पर जेल से बाहर आया और फरार हो गया था, 2010 में हत्या का केस दर्ज था
- तस्कर को पकड़ने के लिए पुलिस को सात-आठ हजार किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ी, आखिरकार नेपाल की एक होटल से पकड़ा गया

जोधपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि बीरमाराम उर्फ बीरमराम को गिरफ्तार किया है। उसने अपना नाम जगाराम रख लिया था। आरोपी बीरमाराम उर्फ बीरमराम पर वर्ष 2010 में हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ था। वह वर्ष 2018 में जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था और छह साल से अपना कृतित्व और व्यक्तित्व बदलकर फरारी काट रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। मगर वह हाथ नहीं लग रहा था।

आईजी विकास कुमार के अनुसार आरोपी बीरमाराम उर्फ बीरमराम बड़ा ही शातिर दिमाग वाला है। वह राजस्थान से फरार होने के बाद झारखंड, बिहार और नेपाल तक पहुंच गया। वह हर बार नई तकनीकि का इस्तेमाल करता था। कोई भी नया फोन या सिम खरीदने के बाद एक बार इस्तेमाल कर तोड़ देता था। हर बार अपनी जगह बदलने के साथ ऐशो आराम की जिंदगी जी रहा था। उस पर बराबर नजर रखी जा रही थी मगर बीरमाराम उर्फ बीरमराम ने अपना छद्म नाम जगाराम रख लिया था। मादक पदार्थों की तस्करी के उसके नाम से कई बड़े स्तर पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो रहे थे, जोकि बीरमाराम के खाते में हो रहे थे। मगर यह वही है इसका पता लगाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा था।

तीन माह से चला रहा था पुलिस ऑपरेशन :- आरोपी को पकड़ने के लिए जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम का पिछले तीन माह से ऑपरेशन जारी था। आखिरकार उसे पकड़ने में सफलता मिल गई। पुलिस जब-जब उसके पीछे लगती तो वह हर बार आगे निकल जाता था। पुलिस उसकी तलाश में बिहार के पटना गई तो पता लगा कि वह वहां से निकल कर लंबी यात्रा पर गया है। उसके जबलपुर होटल पर होने की जानकारी मिली मगर वह बाद में वहां से भी निकल गया।

होटल के सफाईकर्मी से मिला बड़ा सुराग :- जिस होटल में वह ठहरा हुआ था, वहां पुलिस पहुंची तो मालूम हुआ कि वह नेपाल गया है। एक सफाईकर्मी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह किसी बड़े मुनाफे की बात कह रहा था। नेपाल से माल मंगवाने के लिए झारखंड के रास्ते राजस्थान में अच्छे दामों में बेच सकते हैं। इसके लिए सफाईकर्मी को भी प्रलोभन दिया गया था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को आखिरकार उसका पुख्ता सबूत मिलने पर जिस होटल में वह ठहरा था वहां पुलिस पहुंची मगर ग्राहक बनकर जाना पड़ा। उसे विश्वास में लिया गया और कहा गया कि राजस्थान से आए हैं। हालांकि उसने अपना छद्म नाम जगाराम से बना आधार कार्ड आदि दिखाए। मगर जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपना असली आधार कार्ड दिखाया। इस पर उसे दस्तयाब कर सोमवार सुबह जोधपुर लाया गया है।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रभास्मि शशि सूर्ययोः
कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (भ.सं.), पावर हाउस के पास, मोतीझील, भरतपुर
(ई-मेल - zcebz@jvvnl.org फोन नं.- 05644.236080)

ई - निविदा सूचना

टी.एन. – 21 के लिए योग्य निविदादाताओं ऑनलाईन-निविदा दो भागों (तकनीकी-वाणिज्यिक), में श्रम दर पर आमंत्रित किऐ जाते है। 1. टीएन-21 :- सहायक अभियन्ता (पवसं), जयपुर डिस्कॉम, बाडी के अन्तर्गत धौलपुर वृत में बाडी से भरतपुर रोड पर 33 केवी, 11 केवी लाईन शिफ्टिंग का कार्य निगम एआरसी दर 2023 के लिये। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 23.09.2024 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 14.10.2024 को सायं 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
UBN (TN-21) : VVN2425WSOB00617
राज.संवाद/सी/24/5560 जेपीआर - 2885 (2024) संभागीय मुख्य अभियन्ता (भरतपुर संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभग खण्ड महवा (दौसा)
क्रमांक:-निविदा/2024-25/711 दिनांक:18.09.2024

अल्पकालिन ई-निविदा सूचना संख्या 06/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियान्त्रिक विभाग उपकर्मी में समक्ष श्रेणी में पजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार निर्धारित प्रपत्र में निम्न कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की कुल लागत	राशि 180.85 लाख
ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख	20 सितम्बर 2024 (शुक्रवार) से 26 सितम्बर 2024 (गुरूवार), सांय 6:00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख	20 सितम्बर 2024 (शुक्रवार) से 26 सितम्बर 2024 (गुरूवार), सांय 6:00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तार